**Bihar News: कहीं आप भी तो नहीं फूंक रहे थे नकली सिगरेट, पुलिस ने 3 करोड़ का माल किया जब्त**



जागरण संवाददाता,सासाराम। मुफस्सिल थाना क्षेत्र बेदा- बलथुआ में पुलिस ने छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली एक फैक्ट्री का उद्भेदन शनिवार को किया।
पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बलथुआ स्थित वृदावंन मार्केट के बेसमेंट में चल रहे फैक्ट्री की मशीन जिसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ है, उसे जब्त कर लिया।

एसडीपीओ सासराम दो कुमार वैभव के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान कारखाना और उसके गोदाम से तीन करोड़ की नकली सिगरेट के अलावा सिगरेट बनाने वाला कच्चा माल जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ को भी जब्त किया गया है।

एसपी रौशन कुमार के अनुसार इस मामले में फैक्ट्री के मालिक यूपी के बलिया जिला के नरही थाना के सिंदुरिया ग्राम निवासी गोपाल ओझा को शहर के राजकालोनी स्थित उनके किराया के मकान से गिरफ्तार किया गया है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/rohtas-police-busted-a-fake-cigarette-manufacturing-factory-in-sasaram-and-recovered-cigarettes-worth-rs-3-crore-40000476.html